भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **4222**
दिनांक 18 जुलाई , 2019 / 27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

राजमुंदरी विमानपत्तन का विस्तार

4222. श्री मारगनी भरत:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रतिदिन राजमुंदरी विमानपत्तन पर 11 उड़ानों का आगमन और 11 उड़ानों का प्रस्थान होता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आठ माह की अवधि के दौरान उड़ानों की संख्या में चार गुणा वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राजमुंदरी से दिल्ली, कोलकाता और मुंबई जैसे शहरों हेतु वायु संपर्क की मांग है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमाननं मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): राजमुन्दरी हवाईअड्डा प्रत्येक दिन 9 आगमन एवं 9 प्रस्थान की उड़ानों का वहन करता है।

(ख): जी नहीं। 8 माह की अवधि में उड़ानों की संख्या में ऐसी कोई वृद्धि की प्रवृति नहीं देखी गई है।

(ग): अब तक, किसी भी एयरलाइन ने राजमुन्दरी से/तक दिल्ली, कोलकाता एवं मुंबई को जोड़ने के लिए इच्छा व्यक्त नहीं की है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****